# प्रेस विज्ञप्ति

## बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–19.09.2023 (सं0–409)

## PMLA एवं National Cyber crime reporting portal से सम्बन्धित कृत कार्रवाई

1. PMLA 2002 के तहत प्रस्ताव जिलो एवं इकाइयों यथा अभियान, मद्यनिषेध, आंतकवाद निरोध दस्ता से प्राप्त संगठित **Scheduled Offences** में संलिप्त अपराध कर्मियों द्वारा अपराध जनित सम्पति समपहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव की सम्यक समीक्षा कर कार्रवाई हेतु प्रवर्तन निदेशालय, बिहार, पटना को भेजे जाने हेतु आर्थिक अपराध इकाई नोडल ऐजेंसी है। इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय, बिहार, पटना को ऐसे अपराधियों के अवैध ढ़ंग से कमाई गई सम्पति को जब्त करने के लिये प्रस्ताव भेजा जाता है। पिछले 01.01.2022 से अब तक शराब कारोबारियों, बालू माफियाओं आदि के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए कुल **18 अभियुक्तों के विरुद्ध कुल 13 करोड़ 21 लाख** की सम्पति अधिगृहित करने का प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय, बिहार, पटना को भेजा गया है। इसके अलावा वर्ष **2013** से अतबक कुल **196 प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय**, बिहार, पटना को भेजे गये हैं, जिसमे अनुमानित राशि **321.37 करोड़** से अधिक है। इनमें से **29 मामलो में कुल 36 अभियुक्तों को 50.51 करोड़** की सम्पति जब्त की गई है।

अब तक **बालू माफिया के विरुद्ध कुल 09 प्रस्ताव, नशे के कारोबारियों के विरुद्ध कुल 10 प्रस्ताव, शराब माफियाओं के विरुद्ध कुल 34 प्रस्ताव** समर्पित किये गये हैं, साथ ही राज्य में नक्सलियों के द्वारा लेवी एवं अन्य माध्यमों से की जाने वाली अवैध कमाई की जब्ती हेतु **कुल 15** प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय, बिहार, पटना को भेजा गया है, जिनमे से **10 मामलो में 5.5 करोड़** के अधिक की सम्पति प्रवर्तन निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा जब्त की जा चुकी है। इनके अलावा Scheduled Offences यथा भा0द0वि0 के तहत आपराधिक षडयंत्र हत्या, लूट, डकैती, ठगी, जालसाजी, तथा अन्य लघु अधिनियम जैसे मादक द्रव्य एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम (NDPS), UAPA, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, PC Act, Immoral Traffic(Prevention Act), IT Act 2000/2008 इत्यादि में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध भी लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## कार्रवाई का विवरण निम्नवत है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रवर्त्तन निदेशालय को भेजे गये कुल प्रस्तावों की संख्या | 196 |
| 2. | प्रवर्त्तन निदेशालय में कुल दर्ज ECIR की संख्या | 42 (43 प्रस्ताव सम्मिलित) |
| 3. | प्रस्तावों की संख्या, जिनमें जप्ती की गयी | 29 ECIR के माध्यम से 36 अभियुक्तों की अपराध जनित परिसम्पत्तियां जप्त |
| 4. | Attached Amount | 50.51 करोड़ रुपये |
| 5. | ECIR की संख्या, जिन्हें अनुसंधानोपरांत बसवेम कर दिया गया, अर्थात कोई जब्ती नहीं हुई | 02 |
| 6. | प्रवर्त्तन निदेशालय में अनुसंधानित ECIR की संख्या | 11 |
| 7. | प्रवर्त्तन निदेशालय में विचाराधीन/जांचाधीन प्रस्तावों की संख्या | 153 |
| 8. | अनुमानित समाहित राशि | **321.37**/ करोड़ रुपये से अधिक |

**2- National Cyber crime reporting portal** पर साइबर अपराधो में सम्मिलित अपराधियो के विरुद्ध ठोस एवं कारगर कारवाई के तहत उनके मोबाइल एवं SIM को बंद करने की प्रक्रिया माह मई 2023 से प्रारम्भ की गई है, जिसमें बिहार एव अन्य राज्यों के अपराध कर्मियो का मोबाइल नम्बर एवं SIM को ब्लॉक किये जाने के लिये आर्थिक अपराध इकाई के स्तर से अब तक कुल **6187 SIM** को ब्लॉक करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमे अब तक **3927 SIM को ब्लॉक** किया गया है। माह अगस्त 2023 से मोबाइल का IMEI निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमे अब तक 775 IMEI को निष्क्रिय करने का प्रस्ताव को भेजा गया है, जो प्रक्रियाधीन है।

**XXXXX**